बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

KYP code 05010038 डंडारी, बेगुसराय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पत्र के आलोक में बिहार विकास मिशन के
प्रतिनियुक्त Project Lead एवं Manager,SPMU के द्वारा संस्थान की जॉच करायी गयी ।
बिहार विकास मिशन के प्रतिनियुक्त Project Lead एवं Manager,SPMU के द्वारा संयुक्त रूप से
जॉचोपरान्त प्रतिवेदित किया गया कि जॉच के समय केन्द्र पर IP based CCTV Camera क्रियाशील नहीं था ।
इस केन्द्र पर कोई निरीक्षण पंजी उपलब्ध नहीं थी । केन्द्र पर निरीक्षण के समय कोई भी पंजीकृत
LF/Coordinator उपस्थित नहीं थे । Assistant LF के रूप में जो व्यक्ति उपस्थित थे वे न तो Oncet
certified थे और न हीं वे पोर्टल पर पंजीकृत थे । Assistant LF के द्वारा प्रशिक्षण हेतु Day start किया
जाता था । Assistant LF के अंगुलियों की जॉच करने पर उनकी कुछ अंगुलियां Oncet certified LF एवं
कुछ प्रशिक्षणार्थियों के नाम पर पंजीकृत पायी गयी । केन्द्र के Lab room के निरीक्षण के समय Lab में 14
प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे, जिसमें 7 प्रशिक्षणार्थी 15 वर्ष से कम उम्र के थे । प्रशिक्षणार्थियों की उम्र कुशल युवा
कार्यक्रम के निर्धारित उम्र से काफी कम है ।

इस संबंध में संस्थान द्वारा अपने स्पष्टीकरण में कहा गया है कि IP based CCTV Camera तकनीकी
कारणों से क्रियाशील नहीं था एवं जॉच के समय जो बच्चे 15 वर्ष से कम उम्र के प्रतीत हो रहे थे वे सभी 15
वर्ष से उपर के बच्चे थे और DRCC से निबंधन कराकर आये थे साथ हीं भविष्य में इस तरह की गलती नहीं
दुहराई जायेगी ।

एजेंसी से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा के पश्चात यह स्पष्ट होता है कि केन्द्र पर प्रशिक्षण संचालित
किये जाने में अनियमितता की गयी है, जिसे संचालक द्वारा स्वीकार भी किया गया है । अतः समीक्षोपरान्त
एजेंसी को कठोर चेतावनी निर्गत करते हुए इनके स्पष्टीकरण को आंशिक रूप से स्वीकृत किया जाता है। इन्हें
चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इनके किसी भी केन्द्र पर इस प्रकार का मामला प्रकाश में आने की स्थिति
में इनके साथ संबद्ध सभी केन्द्रों के पंजीकरण को रद्द करते हुए इनके द्वारा जमा की गयी सुरक्षित जमा की
गई राशि को जब्त कर लिया जायेगा । साथ हीं इनके अगस्त,2019 बैच के Final Invoice से 40% के राशि
की कटौती करते हुए उनके अवरूद्ध नामांकन को पुनः प्रारम्भ किया जाता है । Project Director, MKCL को
आदेश दिया जाता है कि वे SDC डंडारी, बेगुसराय KYP code 05010038 के बंद नामांकन को Open कर दें।
मिशन प्रबंधक, वित्त एवं लेखा को आदेश दिया जाता है कि वे SDC डंडारी के जुलाई,2019 बैच के Final
Invoice से 40% के राशि की कटौती करना सुनिश्चित करें ।

ह0/–
(धर्मेन्द्र सिंह,भा0प्र0से0)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2017(खण्ड–1): 110 पटना,दिनांक– 28/01/2020

प्रतिलिपि– (1) सचिव, Social Welfare Society SDC डंडारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
(2) जिला नियोजन पदाधिकारी, बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(5) प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/ SPMU Incharge बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(6) जिला कौशल प्रबंधक,बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।